'विकेन्द्रीकरण केवल सरकारी तंत्र में नहीं'

रायपुर. 'विकेन्द्रीकरण हमारे पारिवारिक जीवन समेत हर चीजों में शामिल है। यह आज केवल सरकारी तंत्र का हिस्सा नहीं है। यह शुरू से हमारी पॉलिसी का हिस्सा रहा है और निरंतर बढ़ रहा है। बस फर्क इस बात की है कि अपने विकेन्द्रीकरण से हम आसानी से छुटकारा पा सकते हैं, बल्कि सरकारी तंत्र में इसमें मुश्किल होती है।' केन्द्र सरकार में पूर्व सचिव रह चुके टी. रघुनंदन ने यह बातें कहीं। टी. रघुनंदन राजधानी के एक होटल में आयोजित 'मीडिया कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप' में बोल रहे थे। इन्क्लूजिव मीडिया फॉर चेंज सेंटर फॉर स्टडीज ऑफ डेवलपिंग सोसायटी, नई दिल्ली द्वारा वर्कशॉप का आयोजन किया गया था। टी. रघुनंदन ने कहा कि पॉलिसी तो तैयार कर ली जाती है, लेकिन उसका क्रियान्वयन नहीं हो पाता है।